# इकाई 1 घटनास्थल और पीड़ित का अवलोकन और आकलन

संरचना

1.0 परिचय

1.1 उद्देश्य

1.2 आपातस्थितियों की पहचान और आकलन करना

1.3 घटनास्थल के अवलोकन और आकलन हेतु प्रक्रिया

1.4 पीड़ित के अवलोकन और आकलन हेतु प्रक्रिया

1.5 सुरक्षा और सावधानियाँ

1.6 सारांश

1.7 मुख्य शब्द

1.8 आपकी प्रगति की जाँच के लिए उत्तर

1.9 गतिविधियाँ

1.10 संदर्भ

## 1.0 परिचय

इस कार्यक्रम के सिद्धांत पाठ्यक्रम में ''प्राथमिक उपचार और प्राथमिक उपचार प्रदाता की भूमिका'' पर खंड 1 की इकाई 1 में आप प्राथमिक उपचार और प्राथमिक चिकित्सा प्रदाता की भूमिका के बारे में जान चुके हैं। आपने सीखा कि प्राथमिक चिकित्सा, दुर्घटना या अचानक रोग के पीड़ित को नियमित मेडिकल उपचार या सहायता उपलब्ध होने से पहले दिया जाने वाला तत्काल उपचार है। इसलिए, जब आप प्राथमिक चिकित्सा प्रदान कर रहे होते हैं और प्राथमिक चिकित्सा प्रदाता के रूप में कार्य कर रहे होते हैं, तो आपको कई स्थितियों का सामना करना पड़ सकता है, जहाँ आपको पीड़ित की स्थिति और उस घटनास्थल का ध्यानपूर्वक अवलोकन करने और आकलन करने की आवश्यकता होती है, जिसने यह स्थिति उत्पन्न की है। सिद्धांत पाठ्यक्रम के ''आपात स्थिति की पहचान करना'' पर खंड 2, इकाई 1 में, आप आपात स्थितियों की पहचान करने और आपातस्थितियों के उत्पन्न होने पर आपने द्वारा की जाने वाली कार्रवाई, जिसमें घटनास्थल सुरक्षा शामिल है, के बारे में सीख चुके हैं। अब, आप इस व्यावहारिक इकाई में, आपातस्थिति का अवलोकन और आकलन करने की प्रक्रिया सीखेंगे। तो, आइए आरंभ करते हैं।

## 1.1 उद्देश्य

इस इकाई के पूर्ण होने के बाद, आप सक्षम होंगेः

- घटनास्थल का अवलोकन और आकलन करने में;

- पीड़ित व्यक्ति की स्थिति का अवलोकन करने में; तथा
- पीड़ित व्यक्ति का आकलन करने में।

## 1.2 आपातस्थितियों की पहचान और आकलन करना

हम पहले से ही विभिन्न संकेतों पर चर्चा कर चुके हैं, जो बताते हैं कि आपातस्थिति उत्पन्न हुई है और सिद्धांत पाठ्यक्रम के ''आपात स्थिति की पहचान करना'' पर खंड 2, इकाई 1 में दिए अनुसार तत्काल हमें कार्रवाई करने की आवश्यकता होती है। यहाँ, हम आपातस्थितियों की पहचान करने की प्रक्रिया के बारे में चर्चा करेंगे। आपातस्थितियों का आकलन करते समय, हमें आपातस्थितियों का अवलोकन और आकलन करने की आवश्यकता होती है। अवलोकन में एक विशेष आपातस्थिति पर गौर से और ध्यानपूर्वक ध्यान केंद्रित करना शामिल है। अवलोकन करना, आपातकालीन स्थिति का सामना करते समय लिया जाने वाला पहला चरण है। दूसरे शब्दों में, अवलोकन से तात्पर्य, किसी व्यक्ति को किसी वस्तु को बारीकी से और ध्यानपूर्वक देखने की क्रिया से है।

आकलन से तात्पर्य किसी व्यक्ति या किसी वस्तु पर किसी घटना का क्या प्रभाव पड़ा है, इसका पता लगाने के उद्देश्य से किसी व्यक्ति या किसी वस्तु का निरीक्षण, जांच या निगरानी करने से है। आमतौर पर आकलन से तात्पर्य किसी स्थिति के प्रभाव का और इस स्थिति में की जाने वाली आवश्यक कार्रवाई का पता लगाने से है। यह अवलोकन का अगला चरण और स्थिति का अधिक गहराई से अध्ययन है।

### उद्देश्य

आपातस्थितियों की तुरंत पहचान करने और आकलन करने की आवश्यकता का मुख्य कारण, जटिलताओं को कम करना, अधिक क्षति को रोकना और जीवन को संरक्षित करने के लिए तुरंत कार्य करना है।

### अपेक्षित सामग्री

इसके लिए आपको विभिन्न आपातस्थितियों के मामले परिदृश्यों की आवश्यकता होगी, जिन्हें समाचार पत्रों, पत्रिकाओं से पढ़ा और टेलीविजन, फिल्मों, टेलीफिल्म्स आदि में देखा जा सकता है, जो आपको इस बात की जानकारी देगा कि आपातस्थिति क्या है और यह कैसे घटित होती है। आप उन मामलों परिदृश्यों का अभिनय भी कर सकते हैं जहां पीड़ित आपातस्थिति में होता है। आप विभिन्न आपातस्थितियों का अभिनय भी कर सकते हैं जो आपके पाठ्यक्रम में हैं।

### प्रक्रिया

**चरण 1** किसी भी असामान्य शोर के लिए सावधान और सतर्क रहें जिन्हें आप सुनते हैं।

> ***कौशल :*** *असामान्य शोर और दृश्य हेतु सावधान रहें जैसे कोई चीख रहा हो, चिल्ला रहा हो, विलाप कर रहा हो, रो रहा हो, ग्लास तोड़ने, टायर रूकने जैसा बड़ा शोर या ऐसी आवाज जैसे कुछ गिर रहा हो।*

**चरण 2** किसी भी चीज के लिए सावधान रहें जिससे आपको पता चलता है कि आपातस्थिति घटित हो रही है।

***कौशलः*** *असामान्य वस्तुओं हेतु सावधान रहें जिन्हें आप देखते हैं जैसे रूका हुआ वाहन, अचानक गिरता हुआ व्यक्ति, चेतना खोता हुआ व्यक्ति, गिरे हुए बर्तन या पॉट, फैली हुई दवा, जहर, बिजली के तार शॉर्ट सर्किट, आग की लपटें आदि।*

**चरण 3** उन गंध हेतु सतर्क रहें जो सामान्य से अधिक मजबूत हैं।

***कौशलः*** *किसी भी जहरीले धुएं, लकड़ी के जलने की गंध, एलपीजी धुएं, वमनकारी गंध, सेप्टिक टैंकों/ सीवेज टैंकों से गंध या किसी भी अन्य बदबू हेतु सावधान रहें जो असहनीय हो।*

**चरण 4** अपने आसपास के लोगों की असामान्य प्रस्तुति या व्यवहार हेतु सावधान रहें।

***कौशलः*** *उन लोगों हेतु सावधान/सतर्क रहें जो बेहोश हो जाते हैं, जिन्हें सांस लेने में कठिनाई होती है, सीने में दर्द होता है, बोलने में कठिनाई होती है, भ्रमित होते हैं, अत्यधिक पसीना आता है, व्यक्त करते हैं कि वे पीड़ा, बैचेनी में हैं और महसूस करते हैं कि कुछ हो रहा है और मरणोन्मुख हैं आदि। अपने आसपास के लोगों के लिए सावधान रहें जो आपातस्थिति या इसके विकास की उपस्थिति की ओर इशारा करते हुए चीखते हैं या चिल्लाते हैं।*

**चरण 5** संदिग्ध व्यक्ति के रक्तस्राव, घाव, और समग्र रूप हेतु सावधान रहें।

***कौशलः*** *रक्त के धब्बे, सक्रिय रक्तस्राव, घाव, शरीर के कटे हुए भाग, शरीर में गड़ी हुई वस्तु, जलन, फैक्चर, गर्मी या ठंड का अहसास और इसी तरह की स्थितियाँ जो पीड़ित को प्रभावित करने वाली संदिग्ध स्थिति की ओर संकेत करती हैं।*

**चरण 6** आपातस्थिति की पहचान करने के बाद, घटनास्थल सुरक्षा हेतु सावधान रहें।

***कौशलः*** *घटनास्थल सुरक्षा पहला चरण है और घटनास्थल सुरक्षा बनाए रखने के लिए, आपको घटनास्थल का अवलोकन और आकलन करना चाहिए और अगला कदम केवल तभी लेना चाहिए जब घटनास्थल आपके और पीड़ित के लिए सुरक्षित हो। इस इकाई के खंड 1.3 में घटनास्थल सुरक्षा के अवलोकन और आकलन की प्रक्रिया पर चर्चा की गई है।*

**चरण 7** सहायता माँगे और पीड़ित से संपर्क करें।

***कौशलः*** *आपातस्थिति चिकित्सा सेवाओं (आवश्यकतानुसार आपातकालीन हेल्पलाइन, एम्बुलेंस, पुलिस, आग आदि) को सक्रिय करने हेतु सहायता माँगें और आपकी सहायता करने में आसपास मौजूद लोगों (दर्शकों) को भी शामिल करें। यदि घटनस्थल सुरक्षित है, तो पीड़ित तक पहुँचे।*

**चरण 8** पीड़ित का आकलन करें और प्राथमिक चिकित्सा प्रदान करें।

***कौशलः*** *पीड़ित का अवलोकन और आकलन किया जाना और आवश्यक प्राथमिक चिकित्सा प्रदान की जानी चाहिए। खंड 1.4 में इस इकाई में पीड़ित के अवलोकन और आकलन की प्रक्रिया पर चर्चा की गई है।*

**चरण 9** अपने निष्कर्षों को रिकॉर्ड करें और रिपोर्ट करें, और पीड़ित को अस्पताल की ओर स्थांनतरित करें।

इस प्रकार, उपर्युक्त चरणों में हमने आपातस्थिति की पहचान करना और इन स्थितियों में हमारे द्वारा की जाने वाली कार्रवाई के बारे में सीखा। आपने यह भी सीखा है कि आपको अपने परिवेश, उभरती हुई स्थिति और उन जटिलताओं के बारे में सतर्क रहना चाहिए जो यह आपातकालीन स्थिति उत्पन्न कर सकते है। अगले खंड में, हम घटनास्थल और पीड़ित का अवलोकन करने और उसका आकलन करने के बारे में सीखेंगे। तो आइए आरंभ करते हैं।

## 1.3 घटनास्थल के अवलोकन और आकलन हेतु प्रक्रिया

जब कोई आपातस्थिति घटित होती है, तो पहला चरण घटनास्थल सुरक्षा के लिए घटनास्थल का निरीक्षण करना होता है। हमेशा याद रखें कि आपातस्थिति में प्रतिक्रिया करने में घटनास्थल सुरक्षा पहला चरण है और फिर पीड़ित की सहायता करना अगला चरण है।

### उद्देश्य

घटनास्थल का अवलोकन और आकलन करने की आवश्यकता है। दुर्घटना कहीं भी हो सकती है, यह एक सीमित स्थान, सड़क, नदी, झील, उद्योग, कारखाना, घर, कार्यस्थल, यात्रा करते समय आदि भी हो सकती है। हमें सतर्क रहने, अवलोकन करने और तत्पश्चात् घटनास्थल का आकलन करने की आवश्यकता पड़ती है ताकि हर समय सुरक्षा बनी रह सके। आपातस्थिति में स्वयं को तथा पीड़ित और अन्य को सुरक्षित करने के लिए घटनस्थल का आकलन करना आवश्यक है।

### अपेक्षित सामग्री

इसके लिए आपको विभिन्न आपातस्थितियों के मामले परिदृश्यों की आवश्यकता होगी, आप उन मामलों परिदृश्यों का अभिनय भी कर सकते हैं जहां पीड़ित आपातस्थिति में होता है। आप विभिन्न आपातस्थितियों का अभिनय भी कर सकते हैं जो आपके पाठ्यक्रम में हैं।

### प्रक्रिया

**चरण 1** वॉलेंटियर को पीड़ित के रूप में अभिनय करने के लिए कहें। उसे लेटने के लिए कहें।

> ***कौशलः*** *आपातकालीन सूचकों और संकेतों के लिए सतर्क रहें। क्षेत्र की जाँच करें।*

**चरण 2** स्थिति हेतु सावधान रहें। पता करें कि क्या घटित हुआ है।

**चरण 3** पर्यावरण और पीड़ित के स्थान हेतु सावधान रहें। क्षेत्र का निरीक्षण करें।

> ***कौशलः*** *उस प्रतिवेश में अपनी सुरक्षा हेतु सतर्क रहें जहां आपातस्थिति घटित हुई है। पीड़ित तक पहुंचने के लिए सुरक्षा उपायों का उपयोग करें। किसी भी स्थिति में खुद को खतरे में न डालें।*

**चरण 4** अपनी सुरक्षा हेतु सावधान रहें। ध्यानपूर्वक निरिक्षण करें

> ***कौशलः*** *गहरे पानी, आग, गहराई, ऊंचाई आदि जैसे प्रतिवेश के लिए देखें। जांच करें कि पीड़ित तक संपर्क स्थापित किया जा सकता है या नहीं। ऐसे जोखिम उठाएं जो लेने लायक हैं अन्यथा आप और पीड़ित दोनों फंस सकते हैं।*

**चरण 5** आगे तभी बढ़ें जब आपको विश्वास हो कि स्थिति खतरनाक नहीं है या स्थिति के खतरनाक हो जाने से पहले आगे बढ़े।

**चरण 6** आसपास मौजूद किसी भी खतरनाक सामग्री को हटा दें।

> ***कौशलः*** *सिलेंडर, पेट्रोल, डीजल, सांप, कीड़े, ट्रैफिक के लिए देखें। यदि इन्हें हटाया नहीं जा सकता है, तो पीड़ित को घटनास्थल से हटा दें।*

**चरण 7** पीड़ितों की संख्या हेतु देखें।

> ***कौशलः*** *प्रभावित व्यक्तियों की संख्या के लिए देखें ताकि आप सावधानीपूर्वक आवश्यक सहायता के स्तर का और किसे प्राथमिक देखभाल की आवश्यकता है, इसका आकलन कर सकें।* इसे ट्राइएज भी कहते हैं। (सिद्धांत ब्लॉक 2, इकाई 1)

**चरण 8** चोट के क्षेत्र हेतु देंखे।

> ***कौशलः*** *व्यक्ति को आई चोटों की संख्या, रक्त की हानि, प्रभावित क्षेत्र और उसी प्रकार प्रदान जी जाने वाली प्राथमिक चिकित्सा हेतु देखें।*

**चरण 9** पीड़ित का आकलन करें।

> ***कौशलः*** *पीड़ित को हटाने के बाद, पीड़ित का आकलन करें। प्राथमिक और माध्यमिक आकलन करें। इसकी आगामी खंड में चर्चा की गई है।*

**चरण 10** सहायता माँगें और प्राथमिक चिकित्सा प्रदान करें।

> ***कौशलः*** *एम्बुलेंस या आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं को बुलाएँ। प्राथमिक उपचार दें। यदि घटनास्थल सुरक्षित नहीं है, तो पीड़ित को हटाएँ और सुरक्षित स्थान पर ले जाएँ। यदि घटनास्थल सुरक्षित है, तो पहले प्राथमिक चिकित्सा दें (इस खंड की इकाई 5 में की गई चर्चा के अनुसार प्राथमिक चिकित्सा पेटी का उपयोग करें) और फिर पीड़ित को हटाएँ (इस खंड की इकाई 4 में चर्चा की गई है)। आसपास मौजूद लोगों (दर्शकों) की सहायता लें।*

**चरण 11** रिकॉर्ड करें और रिपोर्ट करें। आप चित्र 1.1 में दिए गए रिकॉर्डिंग प्रपत्र के अनुसार अपने निष्कर्षों को रिकॉर्ड कर सकते हैं (अगले खंड में)।

**चरण 12** पीड़ित को स्थानांनतरित करें।

इस प्रकार, उपर्युक्त चरणों का पालन करके घटनास्थल का अवलोकन और आकलन किया जा सकता है। घटनास्थल सुरक्षा महत्वपूर्ण है और इसे बनाए रखा जाना चाहिए। घटनास्थल सुरक्षा पर विस्तृत चर्चा सिद्धांत खंड 2, इकाई 1 में ''आपास्थितियों की पहचान करना'' में भी दी गई है। अब, पीड़ित के अवलोकन और आकलन हेतु आगे बढ़ते हैं।

## 1.4 पीड़ित के अवलोकन और आकलन हेतु प्रक्रिया

आप पहले से ही जानते हैं कि कोई दुर्घटना या आपात स्थिति एक जैसी नहीं होती है। प्रत्येक दुर्घटना या आपात स्थिति का प्रत्येक पीड़ित पर एक अलग प्रभाव और परिणाम होता है। इसलिए, आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि आप पीड़ित की स्थिति का अवलोकन करें और उसका आकलन करें।

### उद्देश्य

निम्न के लिए पीड़ित का अवलोकन और आकलन करना

1. यह पता लगाने के लिए कि क्या हुआ है, क्या चोटध्घाव हुआ है, पीड़ित के समग्र स्वास्थ्य की परीक्षण करनाय
2. यह पता लगाने के लिए कि कहाँ चोटध्घाव हुआ है, पीड़ित की सिर से पैर तक जांच करना
3. पीड़ित के महत्वपूर्ण संकेतों, प्रतिक्रिया, वायुमार्ग और श्वसन के लिए पीड़ित की निगरानी करना और आपातकालीन देखभाल के लिए तैयार रहनाय
4. पीड़ित को देखना और आपातकालीन स्थिति में उसके स्वास्थ्य में बदलाव की पहचान करना और
5. किसी भी परिवर्तन या जटिलताओं के लिए सतर्क रहना।

### अपेक्षित सामग्री

जब आपको घटनास्थल का अवलोकन और आकलन करना सीखना होता है, तो आपको विभिन्न आपात स्थितियों के मामले परिदृश्यों की आवश्यकता होगी। आप उन मामलों परिदृश्यों का अभिनय भी कर सकते हैं जहां पीड़ित आपातस्थिति में होता है। आप विभिन्न आपातस्थितियों का अभिनय भी कर सकते हैं जो आपके पाठ्यक्रम में हैं।

### प्रक्रिया

**चरण 1** वॉलेंटियर को पीड़ित के रूप में अभिनय करने के लिए कहें। उसे लेटने के लिए कहें।

**चरण 2** स्थिति हेतु सतर्क रहें। घटनास्थल सुरक्षा की जाँच करें।

> ***कौशलः*** *इस इकाई के खंड 1.3 में सुरक्षा के आकलन के चरणों का वर्णन किया गया है। इनकी चर्चा सिद्धांत ब्लॉक 2 की इकाई 1 में भी की गई है।*

**चरण 3** जब घटनास्थल सुरक्षित हो तब पीड़ित तक पहुँचें।

**चरण 4** व्यक्ति को किसी एक कंधे पर थपथपाएँ और जोर से बोलें, ''हैलो, क्या आप ठीक हैं?'' इससे चेतना के स्तर को जानने में मदद मिलेगी।

> ***कौशलः*** *कंधे को थपथपाना और बोलना, ''हैलो, क्या आप ठीक हैं?'' एक साथ किया जाना चाहिए। यह प्रतिक्रिया की जांच करने के लिए किया जाता है। यदि पीड़ित एक शिशु (उम्र 0–1 वर्ष) है, तो आपको उसके पैर की किसी भी एड़ी पर थपथपाना चाहिए।*

**चरण 5** यदि व्यक्ति प्रतिक्रिया नहीं देता है तो नब्ज और श्वसन की जाँच करें।

***कौशलः*** *श्वसन को सांस लेने के प्रत्येक प्रयास के साथ सीने की वृद्धि को देखकर जांचना चाहिए। हांफने को श्वसन की अनुपस्थिति माना जाना चाहिए।*

**चरण 6** यदि व्यक्ति प्रतिक्रिया नहीं करता है, लेकिन सांस ले रहा है, तो उसे रिकवरी की स्थिति में रखें।

***कौशलः*** *इस ब्लॉक की इकाई 7 में रिकवरी की स्थिति पर चर्चा की गई है।*

**चरण 7** यदि कोई पीड़ित प्रतिक्रिया नहीं कर रहा है और साँस नहीं ले रहा है, तो सीपीआर तुरंत शुरू की जानी चाहिए। यदि व्यक्ति कार्डिएक अरेस्ट के लक्षण दिखाता है, तो एईडी का उपयोग करें।

***कौशलः*** *इस खंड की इकाई 7 में सीपीआर पर चर्चा की गई है और इस खंड की इकाई 8 में एईडी पर चर्चा की गई है। इसे तब तक जारी रखें जब तक कि व्यक्ति पुनर्जीवित नहीं होता या कोई सहायता न आ जाए।*

**चरण 8** यदि व्यक्ति प्रतिक्रिया दे रहा है, तो चोटों, रक्तस्राव, विकृति, सूजन, दाबवेदना/कोमलता और खुले घावों की जांच करें।

***कौशलः*** *सिद्धांत पाठ्यक्रम की खंड 2 इकाई 1 में की गई चर्चा के अनुसार वि.घ.को.सू प्रारूप के आधार पर इसकी जांच करें।*

**चरण 9** इसके बाद माध्यमिक आकलन के लिए आगे बढ़ें, उसके महत्वपूर्ण संकेतों की जाँच करें।

***कौशलः*** *इस खंड की इकाई 2 में महत्वपूर्ण संकेत–तापमान, नब्ज और श्वसन की जाँच करने के बारे में चर्चा की गई है।*

**चरण 10** व्यक्ति से बात करें। उसका इतिहास प्राप्त करें।

***कौशलः*** *इतिहास संग्रह पीड़ित की बीमारी के बारे में है, वह क्या महसूस करता है, घटना कैसे घटित हुई, चोट कैसे लगी, उसकी एलर्जी, कोई दवा जो वह ले रहा है आदि। सभी विशिष्ट चीजों या परिवर्तनों पर ध्यान दें।*

**चरण 11** उससे पूछें कि उसे कैसा लग रहा है। किसी भी शिकायत के लिए पूछें। किसी भी संकेत और लक्षण को नोटिस करें।

***कौशलः*** *संकेत और लक्षणों का आकलन करें। दर्द, बैचेनी, प्यास, चक्कर आना, घाव, जलन, उल्टी, सामान्य हरकतों की हानि, नमी, रक्तस्राव, शरीर के असामान्य तापमान, सूजन, विकृति, फ्रैक्चर, श्वसन में आवाज, कराहना, सीने में चोट हेतु देखें। इस पर सिद्धांत पाठ्यक्रम के खंड 2 की इकाई 1 में चर्चा की गई है।*

**चरण 12** पीड़ित का सिर से पैर तक परीक्षण करें।

***कौशलः*** *सिद्धांत पाठ्यक्रम के खंड 2 की इकाई 1 में सिर से पैर तक परीक्षण, विस्तार से दिया गया है।*

**चरण 13** रिकॉर्ड करें और रिपोर्ट करें। आप चित्र 1.1 में दिए गए रिकॉर्डिंग प्रपत्र के अनुसार अपने निष्कर्षों को रिकॉर्ड कर सकते हैं।

**चरण 14** पीड़ित को अस्पताल ले जाएँ।

आपातकालीन स्थिति में आकलन की व्याख्या निम्नलिखित प्रवाह आरेख की सहायता से की जा सकती है।




इस प्रकार, उपर्युक्त चरणों का पालन करके पीड़ित का अवलोकन और आकलन किया जा सकता है। ''आपातस्थितियों की पहचान करना'' पर सिद्धांत खंड 2, इकाई 1 में भी इस पर चर्चा की गई है।

प्राथमिक चिकित्सा उपचार प्रपत्र

| उपचार करने वाले व्यक्ति का नाम | स्थान | दिनांक | समय (24 घंटे की घड़ी) |
|---|---|---|---|
| उपनाम | दिया गया नाम | दिनांक | लिंगः पुरुष/स्त्री |
| पता | | | |
| दूरभाष (घर) | फोन (मोबाईल) | | |
| ☐ उपचार के लिए सहमति | ☐ उपचार के लिए असहमति | | |
| दुर्घटना या बीमारी का इतिहासः (क्या हुआ/कब हुआ?) | | | |
| दृश्य सुरक्षाः (क्या घटना थी और आपने क्या किया?) | | | |
| प्राथमिक चिकित्सा आकलनः (क्या चोट/रोग है?) | | | |
| एलर्जी मेडिकेशन पिछला चिकित्सा इतिहासः | | | |

| सामान्य अवलोकन (बड़ी संख्या डालें) | पहला अवलोकन (समय...) | दूसरा अवलोकन (समय...) | तीसरा अवलोकन (समय...) | **आकलन चोट ध्लक्षण व संकेत (सही का निशान लगाएँ)** |
|---|---|---|---|---|
| **चेतना का स्तर**<br>1. पूर्ण सचेत<br>2 उनींदा<br>3. अचेत | | | | घर्षण मलीनीकरण दर्द<br>रक्तस्राव फैक्चर मोच<br>जलन विदीर्णन सूजन<br>नील पड़ना दाबवेदना |
| **नब्ज**<br>1. धीमी,<br>2. तीव्र,<br>3. मजबूत,<br>4. कमजोर,<br>5. नियमित,<br>6. अनियमित | | | | |
| **नब्ज की दर** | | | | |
| **श्वसन**<br>1. गहरी, 2. उथली,<br>3. अनुपस्थित,<br>4. हांफना, 5.तीव्र,<br>6. धीमी | | | | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **श्वसन की दर** | | | |  दायाँ बायाँ बायाँ दायाँ |
| **तापमान** (°C ) | | | | |
| 1. बहुत गर्म, 2. गर्म,<br>3. ठंडी, 4. बहुत ठंडी | | | | |

**प्रदत्त प्राथमिक चिकित्सा**

**सिर से पैर तक परीक्षण** 1. सिर ..... 2. कान ..... 3. आँख ..... 4. नाक .....

5. मुँह ..... 6. त्वचा..... 7. गला ..... 8. कंधा .....

9. धड..... 10. हाथ/बाँह ..... 11. पैर/पाँव .....

अन्य निष्कर्ष: .....

| | | | |
|---|---|---|---|
| अस्पताल (स्वयं का परिवहन) | ☐ | प्रस्थान का समय | अपेक्षित गंतव्य |
| एंबुलेंस | ☐ | बुलाने का समय | किसने बुलाया आगमन समय |
| अपने डॉक्टर के पास | ☐ | प्रस्थान का समय | |
| अन्य (अर्थात पुलिस, सुरक्षा दल) | ☐ | सेवा बुलाने का समय | किसने बुलाया आगमन समय |
| जारी घटना | ☐ | कितने समय तक जारी रहा | किसने सलाह दी |

**प्राथमिक चिकित्सा प्रदाता (नाम):** **दिनांक:**

**हस्ताक्षर:** **समय:**

**चित्र 1.1: अवलोकन, आकलन और दिए गए प्राथमिक उपचार की रिकॉर्डिंग के लिए प्राथमिक चिकित्सा उपचार प्रपत्र।**

## 1.5 सुरक्षा और सावधानियाँ

सिद्धांत खंड 2 की इकाई 1 में आपातस्थितियों की पहचान करना, पर कई सुरक्षा और सावधानियों पर अलग से चर्चा की गई है। इन के अतिरिक्त, हमें निम्नलिखित सुरक्षा सावधानियों का पालन करना चाहिए:

1. जब पीड़ित की देखभाल करने के लिए प्राथमिक चिकित्सा प्रदाता को बुलाया जाता है, तो आपको हमेशा अपने आप को और आसपास मौजूद अन्य लोगों (दर्शकों) को सुरक्षित करना याद रखना चाहिए और फिर स्थिति का आकलन करना चाहिए।

2. आपातकालीन स्थिति में बिना घबराए शीघ्रता करें।
3. ध्यानपूर्वक देखें, स्पष्ट रूप से सोचें और किसी आपातस्थिति के दौरान शांति और संयम से काम लेते हुए शीघ्रता से कार्रवाई करें।
4. घटनास्थल की जांच करें, पता लगाएं कि क्या यह आपके लिए, पीड़ित के लिए और आसपास मौजूद लोगों के लिए सुरक्षित है।
5. घटनास्थल को सुरक्षित बनाने के लिए खतरनाक वस्तुओं को हटा दें।
6. यदि यह सुरक्षित नहीं है तो पीड़ित व्यक्ति को सुरक्षित क्षेत्र में ले जाएं।
7. चोट या बीमारी, घाव, रक्तस्राव आदि की प्रकृति का आकलन करें।
8. आवश्यक देखभाल के लिए प्राथमिकताएं निर्धारित करें और एक से अधिक पीड़ित होने पर पीड़ितों को चोट के प्रकार के अनुसार प्राथमिकता दें (ट्राइएज)।
9. आसपास मौजूद लोगों से सहायता माँगे और एम्बुलेंस को बुलाने के लिए कहें।
10. आपात स्थिति का इतिहास यानि घटित होने के समय और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं को जानने का प्रयास करें।
11. पीड़ित को अनावश्यक हिलाने–ढुलाने से बचें।
12. प्रदत्त देखभाल का रिकॉर्ड करें।
13. हर परिस्थिति में सुरक्षित सावधानियों का उपयोग करें। (यह इस खंड के सिद्धांत खंड 1, इकाई 3 और इकाई 9 में चर्चा की गई है)

इस प्रकार, प्राथमिक चिकित्सा प्रदाता के रूप में उपर्युक्त सुरक्षा सावधानियों को अपनाने से, आप आपातकालीन स्थितियों में अपनी, घटनास्थल की और पीड़ित की सुरक्षा को बनाए रखने में सक्षम होंगे।

**अपनी प्रगति की जाँच करें 1**

आप अपने कार्यालय जाते समय अपने रास्ते में हैं और आपके पास एक प्राथमिक चिकित्सा पेटी है। रास्ते में आपको एक 32 साल का पुरुष राकेश दिखाई देता है, जिसे एक कार ने स्कूटर से गिरा दिया है। वह सड़क के बीच पड़ा है। आप उसे सड़क के किनारे ले जाते हैं और आकलन करते हैं। निष्कर्ष निम्नानुसार हैंः वह सचेत है, परंतु उनींदा है, वह अपने टखने में दर्द की शिकायत कर रहा है, नब्ज– 112/मिनट, मजबूत, श्वसन – 22/मिनट नियमित, त्वचा छूने पर ठंडी है। आप दर्द भरे टखने के लिए पट्टी करते हैं। उसका दोस्त आता है और कहता है कि वह उसे पास के अस्पताल में ले जाएगा।

अब आप नीचे दिए गए नमूना प्रपत्र को भरें और किसी भी संदेहों को लिखें जिन पर आपको अपने शैक्षणिक परामर्शदाता से चर्चा करनी पड़ सकती हैं।

## प्राथमिक चिकित्सा उपचार प्रपत्र

| उपचार करने वाले व्यक्ति का नाम | अवस्थान | दिनांक | समय (24 घंटे की घड़ी) |
|---|---|---|---|
| उपनाम | दिया गया नाम | दिनांक | लिंगः पुरुष / स्त्री |
| पता | | | |
| दूरभाष (घर) | फोन (मोबाईल) | | |
| ☐ उपचार के लिए सहमति | ☐ उपचार के लिए असहमति | | |
| दुर्घटना या बीमारी का इतिहासः (क्या हुआ / कब हुआ?) | | | |
| दृश्य सुरक्षाः (क्या घटना थी और आपने क्या किया?) | | | |
| प्राथमिक चिकित्सा आकलनः (क्या चोट / रोग है?) | | | |
| एलर्जी मेडिकेशन पिछला चिकित्सा इतिहासः | | | |

| सामान्य अवलोकन (बड़ी संख्या डालें) | पहला अवलोकन (समय...) | दूसरा अवलोकन (समय...) | तीसरा अवलोकन (समय...) | आकलन चोट ध्लक्षण व संकेत (सही का निशान लगाएँ) |
|---|---|---|---|---|
| **चेतना का स्तर**<br>1. पूर्ण सचेत<br>2 उनींदा<br>3. अचेत | | | | घर्षण मलीनीकरण दर्द<br>रक्तस्राव फैक्चर मोच<br>जलन विदीर्णन सूजन<br>नील पड़ना दाबवेदना |
| **नब्ज**<br>1. धीमी,<br>2. तीव्र,<br>3. मजबूत,<br>4. कमजोर,<br>5. नियमित,<br>6. अनियमित | | | | |
| **नब्ज की दर** | | | | |
| **श्वसन**<br>1. गहरी, 2. उथली,<br>3. अनुपस्थित,<br>4. हांफना, 5.तीव्र,<br>6. धीमी | | | | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **श्वसन की दर** | | | | |
| **तापमान** (°C ) | | | | |
| 1. बहुत गर्म, 2. गर्म,<br>3. ठंडी, 4. बहुत ठंडी | | | | |




**प्रदत्त प्राथमिक चिकित्सा**

**सिर से पैर तक परीक्षण** 1. सिर ..... 2. कान ..... 3. आँख ..... 4. नाक .....

5. मुँह ..... 6. त्वचा..... 7. गला ..... 8. कंधा .....

9. धड..... 10. हाथ/बाँह ..... 11. पैर/पाँव .....

अन्य निष्कर्षः .....

| | | | |
|---|---|---|---|
| अस्पताल (स्वयं का परिवहन) | ☐ | प्रस्थान का समय | अपेक्षित गंतव्य |
| एंबुलेंस | ☐ | बुलाने का समय | किसने बुलाया आगमन समय |
| अपने डॉक्टर के पास | ☐ | प्रस्थान का समय | |
| अन्य (अर्थात पुलिस, सुरक्षा दल) | ☐ | सेवा बुलाने का समय | किसने बुलाया आगमन समय |
| जारी घटना | ☐ | कितने समय तक जारी रहा | किसने सलाह दी |

**प्राथमिक चिकित्सा प्रदाता (नाम):** **दिनांकः**

**हस्ताक्षरः** **समयः**

## 1.6 सारांश

इस व्यावहारिक इकाई में हमने आपातस्थिति की पहचान करने, घटनास्थल और पीड़ित का अवलोकन और आकलन करने के बारे में विस्तार से चर्चा की है। अवलोकन और आकलन करना सामान्य चरण है जिसे किसी भी स्थिति में प्राथमिक चिकित्सा देने से पहले पूर्ण किया जाना चाहिए। आशा है, आप इस प्रक्रिया का अभ्यास करेंगे और जब भी और जहाँ भी आप आपातकालीन स्थिति का सामना करेंगे, अर्जित कौशल का उपयोग करेंगे।

अगली इकाई में, हम महत्वपूर्ण संकेतों का आकलन करने की प्रक्रिया के बारे में जानेंगे। तो, चलिए आरंभ करते हैं।

## 1.7 मुख्य शब्द

**असुविधा** : शरीर में दर्दभरा एहसास

**दृश्य** : उस स्थान का वर्णन जहां आप उस समय उपस्थित हैं।

**तात्कालिक व्यवस्था** : आप जो कुछ भी उपलब्ध है उसका उपयोग करके कुछ उपयोगी करते या बनाते हैं

**चेतना स्तर** : आस–पास की चीजों के बारे में जागरुकता।

**खरोंच/घाव** : ऐसी चोट जो त्वचा को तोड़ती नहीं है लेकिन अंतर्निहित छोटी रक्त वाहिकाओं के टूटन का कारण बनती है

**प्राथमिक चिकित्सा** : घायलों या गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति को दी जाने वाली तत्काल देखभाल

**ध्यानपूर्वक** : रूचि से और सक्रियता से

**ध्यान केंद्रित करना** : किसी पर ध्यान देना

**गौर से** : पूरी एकाग्रता और ऊर्जा के साथ

**जाँच करना** : देखना या अवलोकन करना

**परीक्षण करना** : निकटता से आकलन या निगरानी करना

**गहराई से** : विस्तार से

**प्रभाव** : परिणाम , नतीजा

**असहनीय** : जो सहा न जा सके या किसी के नियंत्रण से बाहर हो

**अत्यंत** : काफी हद तक

**व्यक्त करना** : अपनी भावानाएँ बताना

**पीड़ा** : गंभीर या तीव्र दर्द

**बैचेनी** : तनाव में रहने की भावना, अत्यधिक भावुक

**मरणोन्मुख** : दुर्भाग्यपूर्ण या बुरा परिणाम या नतीजा होने की संभावना होना

**सक्रिय करना** : आरंभ करना, सूचना देना

**अप्रत्याशित** : तुरंत उत्पन्न होने वाली स्थिति

**सचेत** : सक्रिय और सतर्क

**रक्षा करना** : आपातस्थिति के कारण होने वाली समस्याओं या जटिलताओं से बचाना

**सुगम्य** : जिस तक पहुँचा जा सके

**लेने लायक** : जिसका परिणाम निकलता है और जिसे लिया जाना चाहिए

**जोखिमपूर्ण** : खतरनाक/संकटमय

**आंकना** : स्थिति के अनुसार देखना और पता करना कि क्या सही और गलत है

**एक ही समय पर** : एक–दूसरे के साथ घटित होना

**हाँफना** : कठिनाई से साँस लेना

**अनुपस्थित** : उपस्थित न होना, मौजूद न होना

## 1.8 आपकी प्रगति की जाँच के लिए उत्तर

**अपनी प्रगति की जाँच करें 1**

खंड 1.2 तथा 1.3 का संदर्भ लें।

## 1.9 गतिविधियाँ

**गतिविधि 1**

ऐसा मामला परिदृश्य का अभिनय करें जहां आपका मित्र नीचे गिरा हो और एक सीमित स्थान पर बेहोश हो गया हो। इस स्थिति में घटनास्थल और पीड़ित का आकलन करें। इसे अपनी लॉग–बुक में लिखें (पर्यवेक्ष गतिविधि)

**गतिविधि 2**

अपनी कार्यपुस्तिका में उस पीड़ित के लिए प्राथमिक चिकित्सा उपचार चार्ट भरें, जिसे पीछे से एक कार ने टक्कर मार दी है। (स्वयं गतिविधि)

## 1.10 संदर्भ

1. www.st john.org.nz/First Aid
2. Mahopatra, R (2012). First Aid for you and me. Academic Publishers.
3. Clement, I. Text book on first aid and emergency nursing. Jaypee Brothers.